हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 1 अक्टूबर 2025

06 विसर्जन घाटों पर सुनिश्चित की जाएं सभी आवश्यक...



07 नेवज नदी में तैरता मिला युवती का शव





## खबर संक्षेप

### परिवहन विभाग में फेसलेस सेवाओं का विस्तारीकरण

**सीहोर।** परिवहन विभाग में फेसलेस सेवाओं का विस्तारीकरण का मकसद पारदर्शिता, जवाबदेही और व्यावसायिक दक्षता के साथ सेवाओं का विस्तार करना है। कार्यक्रम में हेलमेट एवं राहवीर पुरस्कार वितरण, फेसलेस सेवाओं पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा।

### मॉनीटरिंग समिति की त्रैमासिक 6 को होगी

**सीहोर।** अत्याचार निवारण अधिनियम-1989 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समीति की त्रैमासिक बैठक 6 अक्टूबर को शाम 5.30 बजे कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोजित की गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस आज

**सीहोर।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर को आयोजित किया जाना है। 1 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की थीम समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनानाइ। इस संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. ने गत दिवस जिले के सभी सीइओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका नगरपरिषद निर्देश दिये है कि वृद्धजनो का सम्मान कार्यक्रम पूरी गरिमामय के साथ किया जाये। वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी के महत्व पर जोर देता है और नीति निर्माताओं तथा समाज में वृद्धजनों की आवाज को सशक्त और सम्मानजनक बनाने का आग्रह करता है।

### किसान भुगतान पाने अपने बैंक खाते आधार से तत्काल लिंक कराएं

**सीहोर।** मुख्यमंत्री कृषि उन्नती योजना के अंतर्गत कृषकों की आय संवर्धन एवं आर्थिक सुरक्षा की दृष्टि से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों में से जिले के किसानों के बैंक खाते आधार से लिंक न होने के कारण समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान किसान के बैंक खाते में नहीं किया गया था। मुख्यमंत्री कृषि उन्नती योजना 2024 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान आधार लिंक खाते में किया जाएगा।

## सीहोरवासी रामलला के दर्शन के लिए सीधे अयोध्या जा सकेंगे ट्रेन से, रेलवे ने तीर्थयात्रियों के साथ आमजन को दी सुविधा

# मुंबई-अयोध्या स्पेशल ट्रेन का सीहोर में होगा स्टॉपेज, भक्तों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

रेलवे के पीआरओ खेमराज मीणा के अनुसार रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए त्योहारों के इस मौसम में स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव लंबे समय से यहां के नागरिकों की सबसे बड़ी मांग रही है। कई बार जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने यह मुद्दा उठाया, लेकिन अधिकांश ट्रेनों का स्टॉपेज सीहोर को नसीब नहीं हुआ। स्थानीय लोग अक्सर यह कहते थे कि बड़ी-बड़ी एक्सप्रेस ट्रेनें उनके सामने से गुजर जाती हैं, लेकिन ठहरती नहीं। अब जब मुंबई से अयोध्या जाने वाली विशेष ट्रेन का सीहोर में स्टॉपेज तय किया गया है, तो लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह फैसला न केवल यात्रा सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि धार्मिक दृष्टिकोण से भी अहम साबित होगा।

रेलवे के पीआरओ खेमराज मीणा के अनुसार रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए त्योहारों के इस मौसम में स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है। इनमें सबसे अहम है बांद्रा टर्मिनस-अयोध्या कैंट स्पेशल, जो 1 अक्टूबर से 19 नवंबर तक हर बुधवार को मुंबई से रवाना होगी और अयोध्या पहुंचेगी। वापसी यात्रा भी हर गुरुवार को अयोध्या से शुरू होगी और शनिवार को मुंबई पहुंचेगी। खास बात यह है कि यह ट्रेन सीहोर समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे यात्रियों को सुविधा होगी। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा जैसे अवसरों पर सीहोर के श्रद्धालु अब आसानी से अयोध्या दर्शन का लाभ उठा पाएंगे।





### सीहोर के श्रद्धालुओं में उमंग

अयोध्या रामलला के दर्शन का सपना संजोए सीहोर के भक्तों के लिए यह ट्रेन किसी सौगात से कम नहीं है। अब तक लोगों को उज्जैन या भोपाल से ट्रेन पकड़नी पड़ती थी, लेकिन अब अपने ही स्टेशन से यात्रा करना संभव होगा। रात 1:33 बजे सीहोर स्टेशन से ट्रेन पकड़कर अगले दिन रामलला के दरबार तक पहुंचने की कल्पना ही श्रद्धालुओं के दिलों को उत्साह से भर रही है। इस ट्रेन से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी बिना किसी असुविधा के सीधे यात्रा कर पाएंगे।

**धार्मिक पर्यटन और विकास की उम्मीद :** इस ट्रेन का स्टॉपेज सीहोर में मिलने से धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अयोध्या जैसी पावन नगरी तक सीधी कनेक्टिविटी मिलने से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी। इसके साथ ही व्यापार और रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी, क्योंकि स्टेशन पर रौनक बढ़ेगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह शुरुआत है, आने वाले समय में अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव भी सीहोर में सुनिश्चित होना चाहिए। रेलवे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से लोगों को उम्मीद है कि सीहोर को आगे और बड़ी सुविधाएं मिलेंगी।

### वापसी में शुक्रवार दोपहर 2:11 बजे आएगी सीहोर स्टेशन पर ट्रेन

इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09096 अयोध्या कैंट-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को अयोध्या कैंट से 21 बजे प्रस्थान करेगी और शनिवार को 6 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 2 अक्टूबर से 20 नवंबर तक चलेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के सीहोर (14.11/ 14.13, शुक्रवार), शुजालपुर (14.47/ 14.49), मक्सी (15.40/15.42), उज्जैन (16.15/ 16.20), नागदा(17.20/17.22), रतलाम (18.00/ 18.10), मेघनगर (19.11/ 19.13), दाहोद (19.46/ 19.48) बजे आगमन प्रस्थान होगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, दाहोद, मेघनगर, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ और बाराबंकी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

### इस तरह संचालित होगी त्यौहार स्पेशल ट्रेन

ट्रेन संख्या 09095 बांद्रा टर्मिनस-अयोध्या कैंट साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक बुधवार को बांद्रा टर्मिनस से 11 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17:30 बजे अयोध्या कैंट पहुँचेगी। यह ट्रेन 1 अक्टूबर से 19 नवंबर तक चलेगी। इस ट्रेन का ट्रेन रतलाम मंडल के दाहोद (18.55/ 18.57), मेघनगर(19.18/19.20), रतलाम (2.30/ 20.40), नागदा (21.43/ 21.45), उज्जैन (22.50/बी 22.55), मक्सी (23.25/ 23.27), शुजालपुर (00.29/ 00.31, गुरुवार) एवं सीहोर (01.33/01.35) बजे आगमन प्रस्थान होगा।

# एक बीएलओ निलंबित, पांच को कारण बताओ नोटिस थमाए गए

### मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर एसडीएम ने की कार्रवाई

**सीहोर।** मतदाता विशेष सघन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर सीहोर एसडीएम ने कार्रवाई की है। एसडीएम तन्मय वर्मा ने मतदाता नामावली मेपिंग कार्य में लापरवाही बरतने पर एक बीएलओ को निलंबित किया है जबकि पांच अन्य बीएलओ कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। सीहोर विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम छतरपुरा बीएलओ प्रवीण श्रीवास्तव पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।


इसके साथ ही पुनमचन्द्र तिवारीग्राम बरखेडा हसन, धरमसिंह वर्मा ग्राम जानपुर बावडिया, गोविंद सिंह झलावा ग्राम शेखपुरा, सुनील गिरोठिया मतदान क्रमांक 240 सीहोर, विश्वजीत राय मुंगावली को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। गौरतलब है कि निवार्चन नामावली का गहन पुनरीक्षण 2025 का डाटा वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली से मेपिंग कार्य किया जा रहा है। राजस्व विभाग और बीएलओ यह कार्य कर रहे हैं, लेकिन कई बीएलओ द्वारा समय पर मेपिंग डाटा निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।



### फर्जी वोटर को पकड़ने का अभियान

उल्लेनीय है कि विपक्षी दलों द्वारा सत्तारुढ भाजपा और निर्वाचक आयोग पर फर्जी वोटर और वोटर लिस्ट में गडबडी के गंभीर आरोप लगाए गए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को 12 सिंतबर को पत्र जारी किया गया था। जिसमें निर्वाचक नामावली का सघन पुनरीक्षण 2003 के डाटा एवं वर्ष 2025 की निवार्चक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं के विवरण की मेपिंग कार्य 19 सिंतबर तक पूर्ण करना था, बाद में इसकी तारीख में बदलाव किया गया। वर्तमान में मेपिंग कार्य जारी है। सीहोर नगर तहसीलदार अमित सिंह ने बताया कि मेपिंग का डाटा उपलब्ध नहीं कराने पर यह कार्रवाई की गई है, पहले चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है, यह काम कई चरणों में होगा।

# तालाब में मिला 65 वर्षीय ग्रामीण का शव मवेशी चराने सुआखेड़ा तालाब गया था



**सीहोर।** जिले के इछावर थाना क्षेत्र के सुआखेड़ा गांव स्थित तालाब में 65 वर्षीय ग्रामीण का शव मिला। मृतक की पहचान बेर सिंह के रूप में हुई है, जो सोमवार सुबह मवेशी चराने के लिए घर से निकले थे लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी है।

### मवेशी लौटे, लेकिन बेर सिंह घर नहीं आए

परिजनों ने बताया कि बेर सिंह रोज की तरह अपने मवेशी लेकर चराने निकले थे। देर शाम उनके मवेशी तो गांव लौट आए, लेकिन बेर सिंह का कोई पता नहीं चला। परिजन और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन रातभर उनका कोई सुराग नहीं मिला।

### सुबह तालाब में दिखा शव

मंगलवार सुबह गांव के कुछ ग्रामीण तालाब के पास से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने पानी में एक शव को तैरते हुए देखा। तत्काल इसकी सूचना इछावर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया।

### मौत के कारणों की जांच जारी

इछावर पुलिस ने मृतक की पहचान की पुष्टि के बाद मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह मौत हादसा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

**गांव में शोक का माहौल :** बेर सिंह की मौत की खबर से सुआखेड़ा गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने मृतक को सरल और शांत स्वभाव का व्यक्ति बताया। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

## बरसात के दिनों में यह परेशानी और भी असहनीय हो जाती थी

# दो सगे भाई बने नजीर, पंचायत के लिए श्मशान बनाने दान की 36 डेसीमल जमीन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के आष्टा क्षेत्र का ग्राम गोदी लंबे समय से श्मशान की अनुपलब्धता से जूझ रहा था। जब गांव में किसी की मृत्यु होती थी तो परिवारजन मजबूरी में खेतों या जर्जर, छतहीन स्थान पर अंतिम संस्कार करते थे। बरसात के दिनों में यह परेशानी और भी असहनीय हो जाती थी। हर बार ग्रामीणों को अपमान के साथ इस सच्चाई का सामना करना पड़ता था कि उनके गांव में अंतिम संस्कार की कोई सम्मानजनक व्यवस्था नहीं है।

इसी समस्या को गहराई से महसूस कर गांव के दो जागरूक किसान भाई प्रेम सिंह और अर्जुन सिंह परमार ने बड़ा कदम उठाया। उन्होंने अपनी ही 36 डेसीमल निजी भूमि अंतिम संस्कार हेतु दान कर दी। इस भूमि की वर्तमान कीमत लगभग 7 लाख रुपये आंकी जा रही है। यह दान कोई सामान्य कार्य नहीं था, बल्कि एक ऐसी प्रेरणादायक पहल है जिसने पूरे क्षेत्र का ध्यान आकर्षित किया। सामान्य परिस्थितियों में कोई भी किसान अपनी मेहनत की कमाई से अर्जित जमीन आसानी से त्याग नहीं सकता, लेकिन प्रेम सिंह और अर्जुन सिंह ने निःस्वार्थ भाव से यह भूमि मध्यप्रदेश शासन के नाम कर दी। उनके इस कदम ने गांव के लोगों को न केवल राहत दी, बल्कि एक नई सोच और दृष्टिकोण भी दिया। यह कार्य पूरे क्षेत्र के लिए नजीर बन गया कि समाज के बड़े प्रश्नों का हल सहयोग और संवेदनशीलता से ही संभव है।

### पंचायत की सक्रिय भूमिका

भूमि दान के बाद ग्राम पंचायत लोरास खुर्द के युवा और सक्रिय सरपंच भगवानसिंह पटेल ने इस कार्य को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने बताया कि दान की गई जमीन पर पंचायत से प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति दिलाई और पांचवें वित्त की राशि से श्मशान घाट का निर्माण कार्य शुरू कराया। लगभग 2.50 से 3 लाख रुपये की लागत से वहां चबूतरा और टीन शेड का निर्माण हुआ। सरपंच ने स्पष्ट किया कि यह तो बस शुरुआत है, आने वाले समय में यहां बाउंड्री वॉल और पक्की पहुंच मार्ग का भी निर्माण किया जाएगा, ताकि अंतिम संस्कार के समय किसी परिवार को कोई असुविधा न हो।

**समाज के लिए बनी नजीर :** नानकपुर में हाल ही में जर्जर श्मशान घाट और बारिश में बहते अंतिम संस्कार के दृश्य ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। ऐसे में ग्राम गोदी के यह दोनों भाई और पंचायत की सक्रियता समाज के लिए एक आदर्श बनकर सामने आई है। इस पहल ने यह संदेश दिया कि यदि हर गांव का कोई नागरिक या प्रतिनिधि इसी तरह से सोच ले, तो अंतिम संस्कार की गरिमा कहीं भी प्रभावित नहीं होगी। मृत्यु भले ही अंत हो, लेकिन सम्मानजनक विदाई हर किसी का अधिकार है।

### ग्रामीणों का कहना शासन करें दोनों भाइयों को सम्मानित



ग्रामवासियों का कहना है कि इस कदम से अब उन्हें राहत की सांस मिली है। पहले अंतिम संस्कार के समय भारी असुविधाएँ आती थीं। बरसात में शव के पास खड़े होना भी कठिन हो जाता था। अब छत वाला शान्तिधाम और चबूतरा मिल गया है, जिससे अंतिम संस्कार सम्मानजनक ढंग से हो सकेगा। ग्रामीणों का मानना है कि प्रेम सिंह और अर्जुन सिंह ने गांव को अमूल्य तोहफ़ा दिया है और इसके लिए उन्हें शासन-प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए। इस पूरे प्रकरण ने यह सिखाया है कि बदलाव की शुरुआत व्यक्ति से ही होती है। यदि हर इंसान अपनी जिम्मेदारी समझकर समाज के प्रति थोड़ी संवेदनशीलता दिखाए, तो किसी भी समस्या का समाधान कठिन नहीं है। ग्राम गोदी के प्रेम सिंह और अर्जुन सिंह परमार ने सिर्फ जमीन ही नहीं दान दी, बल्कि मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# सफाई कर्मियों को दो महीने से नहीं मिली सैलरी, आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार

**सीहोर।** सफाई कर्मचारियों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है। दो दिन बाद तीसरा महीना भी शुरू होने वाला है। इन कर्मचारियों ने स्वच्छता सर्वेक्षण में सीहोर को देश में छठा और प्रदेश में पहला स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारियों के परिवार गंभीर आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। उन्हें बच्चों की स्कूल फीस, घर के राशन और जरूरी ऋण की किस्तें चुकाने में परेशानी हो रही है। यह समय त्योहारी सीजन का है, जिसमें नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे प्रमुख पर्व शामिल हैं। वेतन न मिलने से सफाई कर्मचारी और उनके परिवार इन त्योहारों को उत्साह से नहीं मना पा रहे हैं।



सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वे शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। लेकिन वेतन न मिलने से उनके परिवार मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जिससे उनका मनोबल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि दो महीने से वेतन नहीं मिला है और तीसरा महीना शुरू होने वाला है।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 35 आवेदनों पर हुई जनसुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 35 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील एवं जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**



### ग्राम बिसोनिकला में हुआ कियोस्क कार्यक्रम का आयोजन

**सीहोर।** नवकिसान बायो प्लांटेक लिमिटेड कंपनी द्वारा आयोजित ग्राम बिसोनिककला जिला सिहोर में कियोस्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जैविक खेती के उत्पाद का उपयोग करके हम काई गुना अधिक फसल प्राप्त कर सकते हैं, किसानो को कंपनी के द्वारा अवतार करवाया गया है। रबी के मौसम में हम गेहूं हमारे चने की फसल में नवकिसान कंपनी के प्रोडक्ट का उपयोग करके हम 10 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी के कृषि अधिकारी हमारे ग्रुप लीडर ललित जायसवाल हमारे विजय बरखाने के द्वारा बताया गया कि कंपनी के उत्पाद खास हैं। हमारी अधिक 69, हमारे विंगरो-जी का उपयोग करके गेहु हमारे चने की फसल में हम 10 प्रतिसत अधिक उपज ले सकते हैं। कंपनी के उत्पाद का उपयोग करके यूरिया हमारी डी.ए.पी. की भी बचत हो जाती है। साथ ही साथ मिट्टी भी उपजाऊ होती है। हमारी पीएच का भी मिट्टी में नियंत्रण रहता है। कंपनी में सम्मानित किसान, दोलतराम रघुवंशी, श्याम साहू, शिवराम रघुवंशी, मुकेस लोवंशी आदि किसान मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय पोषण माह अभियान 16 तक

**सीहोर।** मिशन पोषण 2.0 के तहत मध्यप्रदेश में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन आठवाँ पोषण माह होगा, जिसमें राज्य, जिला, परियोजना और आंगनबाड़ी स्तर तक सामुदायिक सहभागिता से थीम-आधारित गतिविधियाँ संचालित होंगी। पोषण माह की प्रमुख थीम हैं मोटापा नियंत्रण (कम नमक, कम चीनी, कम तेल), प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (पोषण भी पढ़ाई भी), शिशु एवं बाल आहार प्रथाएँ (IYCF), पुरुष सहभागिता (Men-streaming) और एक पेड़ माँ के नाम एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा। पोषण माह के दौरान आईवाईसीएफ परामर्श सत्र, व्यंजन प्रतियोगिता, फिटनेस चैलेंज, योग दिवस, किचन गार्डन अभियान तथा स्थानीय उत्पादों का प्रचार जैसी गतिविधियाँ होंगी। "पोषण भी पढ़ाई भी" थीम के तहत आंगनबाड़ियों में स्टोरी टेलिंग, पपेट शो और एक्टिविटी आधारित शिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। जन-जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, रेडियो जिंगल्स, सोशल मीडिया अभियान (#PoshanMaah2025) और सामुदायिक रेडियो का उपयोग किया जाएगा।

### टीएल बैठक में कलेक्टर बोले- किसानों को खाद के लिए न होना पड़े परेशान

# विसर्जन घाटों पर सुनिश्चित की जाएं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं: कलेक्टर बालागुरु के.

कलेक्टर ने कहा कि ई-ऑफिस पर शासकीय कार्य संपादित करने के निर्देश देते हुए कहा कि पुरानी एवं नई फाइलों तथा सरकारी दस्तावेजों को ई-ऑफिस पर व्यवस्थित ढंग से रखा जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराएं। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के ने निर्देश दिए की समस्त विभागों के एल- 1,एल- 2 अधिकारी माह सितंबर 2025 की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को अधिक से अधिक संतुष्टि पूर्वक उच्च प्राथमिकता से बंद करायें। साथ ही 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को बंद कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर बालागुरू के. ने दुर्गा उत्सव के समापन पर मूर्ति विसर्जन के लिए विसर्जन घाटों पर क्रेन की उपलब्धता, पर्याप्त प्रकाश और सुरक्षा, निर्बाध बिजली आपूर्ति, गोताखोरों की उपलब्धता के साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चल समारोह, विसर्जन मार्ग एवं विसर्जन घाटों पर सफाई व्यवस्था बेहतर हो। उन्होंने कहा कि नदी एवं तालाब में मूर्ति विसर्जन करने से जल प्रदूषित होता है। जल प्रदूषण को रोकने के लिये कुण्ड बनाकर मूर्ति विसर्जन कराया जाना उचित होगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं संबंधित विभाग लोक निर्माण, विद्युत, नगरीय निकाय, जनपद पंचायत, होमगार्ड को निर्देश दिए कि दशहरा कार्यक्रम एवं विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विशेष इंतजाम करना सुनिश्चित करें।

टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने दीपावली पर पटाखा बाजारों के लिए खुले स्थान का चयन कर समय से पहले दुकानें आवंटित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा की पटाखा बाजार में अग्निशमन यंत्र और दुकानों में रेत की बाल्टियाँ उपलब्ध होनी चाहिए। इसके साथ ही दुकानें विद्युत लाइनों एवं ट्रांसफार्मर से सुरक्षित दूरी पर हो। उन्होंने 03 अक्टूबर तक पटाखा बाजार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के सभी सीएमओ एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उन्होंने फायर ब्रिगेड सहित सभी आवश्यक उपकरणों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पटाखा लाइसेंस की प्रक्रिया तेजी से की जाये।

कलेक्टर बालागुरू के ने जिले में खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलबधता तथा किसानों को वितरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये की खाद की कालाबाजारी न हो। उन्होंने अधिकारियों को गोदामों और दुकानों का नियमित निरीक्षण करने तथा जिले की सीमाओं पर विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम एवं संबंधित अधिकारियों को खाद की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में रबी सीजन के लिए किसानों को डबल लॉक तथा सहकारी समितियां के माध्यम से खाद वितरण के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहे। किसानों को अनावश्यक परेशानी न हो, टोकन का वितरण व्यवस्थित तरीके से कराया जाए। साथ ही खाद वितरण की सूचना किसानों को समय पर दी जाए। उन्होंने रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा अन्य परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण तथा नामांतरण की कार्रवाई में गति लाने के लिए राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जाए की परियोजनाएं जल्द से जल्द शुरू हो सके। इसी प्रकार उन्होंने वन अधिकार के लंबित दावे, वन ग्राम से राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन तथा वन खण्डों के व्यवस्थापन की कार्रवाई में गति लाने के राजस्व तथा वन अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने ई-ऑफिस पर सभी शासकीय कार्य संपादित करने के निर्देश देते हुए कहा कि पुरानी एवं नई फाइलों तथा सरकारी दस्तावेजों को ई-ऑफिस पर व्यवस्थित ढंग से रखा जाए। ताकि किसी भी समय उन्हें खोजने पर आसानी से प्राप्त किया जा सकें। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर बाला गुरु के ने गौशालाओं का निरीक्षण करने तथा गायों के स्वास्थ्य परीक्षण के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोपाल गौशाला तथा गौ आश्रय के लिए भूमि का चयन एवं आवंटन की कार्रवाई जल्द की जाए। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि शासन के निर्देश अनुसार जिले में 2 अक्टूबर 2025 तक संचालित सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का संचालन नियमित रूप से जिले में किया जाए। साथ ही 2 अक्टूबर 2025 को सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए की सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग की पोर्टल तथा ऐप पर जानकारी अपडेट करें।

## गरबा महोत्सव में महिलाओं ने बिखेरे भक्ति के रंग, बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने मोहा मन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर नगर के कुईया गार्डन में एक दिवसीय सिद्धपुर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। माँ दुर्गा के चित्र के समक्ष पं.शैलेश तिवारी ने वैद्ध मंत्रों के साथ माँ का आव्हन कर पूजा अर्चना व आरती कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश काशिव अन्य अतिथियों में नगर सेठ विवेक रूठिया, वरिष्ठ गल्ला व्यापारी जयंत शाह, समाजसेवी नरेन्द्र गोस्वामी, समाज सेविका प्रेमलता राठौर, आयोजन समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, संयोजक प्रदीप नागिया, मुस्कान अग्रवाल, रूपाली सोनी ने पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित व आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात प्रीति सोनी, सीमा सक्सेना, सरोज ठाकुर, शालिनी आर्य, पुष्प सेन, रजनी उपाध्याय ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया।

वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश काशिव पं. शैलेश तिवारी, जयंत शाह, प्रेम लता राठौर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की प्रसंशा की और कहा कि शहर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिये और उनकी कलां का निखारने के लिये नीव का पत्थर होगा। नगर की लगभग तीन सौ महिलाअें व दो सौ युवतियों ने रंग बिरंगें पारम्परिक परिधानों में सज कर शामिल हुई। गबरे गीतों की धुन पर झूमती महिलाओं व बच्चों की तालबद्ध प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम स्थल पर चारों ओर संगीत व तालियों की गूंज ने उत्सव का महौल बना दिया। भक्ति में रमें इस आयोजन में नगर की प्रतिभाओं ने एकल व सामुहिक प्रस्तुतियाँ नगर सरस्वती कत्थक डांस कला केन्द्र सीहोर, सखी सहली ग्रुप सीहोर की रूपाली सोनी की टीमों ने प्रस्तुत की। निरंतर आठ दिनों से शहर की प्रतिभाओं को गरबा प्रशिक्षण दे रही मुस्कान अग्रवाल की मेहनत का परिणाम था कि तीन सौ महिलाओं ने एक साथ एक स्थल पर आकर्षण गरबा नृत्य कर आयोजन को भव्यता प्रदान की। आयोजन समिति द्वारा आयोजन में कई पुरुस्कार प्रतियोगियों व बच्चों को प्रदान किये गये। इस अवसर पर रूपाली सोनी, यशिका सरकार एवं मुस्कान अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया ने किया एवं अंत में आभार आशीष गुप्ता ने व्यक्त किया।

## गिल्लौर हायर सेकंडरी स्कूल के दो छात्र-छात्राओं को दी स्कूटी



**भैरूंदा।** तहसील भैरुंदा विकास खंड के गिल्लौर हायर सेकंडरी स्कूल में मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत मंगलवार को दो छात्राओं को स्कूटी प्रदान की गई। इस मौके अतिथियों ने कहा कि इस योजना से बालक,बालिका की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। गिल्लौर हाय सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य लक्ष्मीनारायण पेठारी ने बताया कि विद्यालय की साक्षी पेठारी और रोहित सरलाम कक्षा 12 के टॉपर को यह स्कूटी दी गई। दोनों ने कक्षा 12 में बीते वर्ष के 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए थे। उन्हें शासन की योजना के तहत स्कूटी प्रदान की गई। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में दोनों छात्राओं का माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ विनोद कंगाली, पूर्व सरपंच कमलेश ऊइके सहित स्कूल के समस्त स्टाफ उपस्थित था। इस अवसर पर गांव के प्रमुख नागरिक भी मौजूद रहे।

## जन्मदिन पर केक काटने की बजाय, काटे गए वृक्षों की भरपाई के लिए पौधे लगाना जरुरी: सुरेश मालवीय



**इछावर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की गरिमामय उपस्थिति में शनिवार को सुरेश कुमार ने अपने जन्मदिवस पर केक काटने की बजाय काटे गये वृक्षों की भरपाई को दृष्टिगत रखते हुए श्री चौहान के मार्गदर्शन में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उनके इस प्रेरणादायी पहल से युवाओं में भी जागरूकता आयेगी। सुरेश मालवीय ने कहा कि जन्मदिन पर लगाये गये पौधे आगामी पीढिय़ों को को छाव व प्राणदायी आक्सीजन प्रदान करेगें, इससे बडक़र कोई खुशी नही हो सकती। सुरेश की यह पहल पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है और समाज के लिए प्रेरणा का संदेश देता है।

शिवराज सिंह चौहान ने अपने संदेश में कहा कि लगाया गया हर पौधा आने वाली पीढिय़ों के लिए अमूल्य धरोहर है। ईश्वर करे यह पौधा बड़ा होकर लोगों को छाया, प्राणवायु और जीवनदायी बने। मंत्री श्री चौहान ने सुरेश मालवीय को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ भी प्रेषित कीं। इस अवसर पर देवराज राजा, राहुल पटेल, विजेंद्र पटेल, राकेश वर्मा महाकाल, प्रवेश वर्मा, विवेक भास्कर आदि मौजूद रहे ।

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने रुद्राक्ष वाटिका में किया पौधरोपण



**बुधनी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वन विभाग द्वारा स्थापित की गई रुद्राक्ष वाटिका में पौधरोपण किया इस अवसर पर विधायक रमाकांत भार्गव एवं जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि 50 हेक्टेयर में फैले नगर वन में रुद्राक्ष वाटिका, नक्षत्र वटीका,राशी वाटिका एवम् नवग्रह वाटिका तैयार किए गए हैं इसमें वन्य प्राणियों को प्राकृतिक माहौल प्रदान करने के लिए पांच तालाब भी बनाए गए हैं नगर वन में विभिन्न प्रकार के पक्षी,तितलियां और वाइल्डलाइफ से संबंधित प्राणी निवास करते हैं परियोजना पूरी होने के बाद नगर वन को आमजन के लिए खोल दिया जाएगा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 में जन्म दिवस पर 75 पौधे रोपे गए इस मौके पर वन विभाग की एसडीओ सुकृति ओसवाल,रेंजर राजित द्विवेदी सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक दिवसीय आदि शक्ति गरबा महोत्सव का हुआ भव्य समापन

# 200 छात्राओं ने गरबा महोत्सव में भाग लिया, आकर्षक रंगारंग प्रस्तुति दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की जे.व्ही.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल में मां आदिशक्ति गरबा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चियों द्वारा देवी गीत एवं डांडिया नृत्य की बेजोड़ प्रस्तुति दी। विद्यालय की 200 बच्चियों ने ग्रुपों में बंटकर एक साथ डांडिया की प्रस्तुति दी, इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ --मुख्य अतिथि गुरु प्रसाद शर्मा, (पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष) अमर सिंह पंवार,(चेयरमैन साहब) डॉ. साकेत भार्गव, पंकज पंवार (मंडल अध्यक्ष गोपालपुर) संजय शर्मा , संजय पटेल हवेली, राजकुमार पटेल, राजकुमार यादव,के द्वारा मां दुर्गा का पूजन, दीप प्रज्ज्वलित माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं का मां दुर्गा की आरती जय अंबे गौरी... की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय कर दिया।विद्यालय में भव्य डांडिया और गरबा विद्यालय में नवरात्रि के पावन अवसर पर डांडिया नृत्य विद्यालय परिसर में अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संचालक मनोहर सिंह पवार के स्वागत भाषण से हुई। नन्हीं बच्चियों ने माता नो देवी का अभिनय कर सबका मन मोह लिया। इसके बाद नवदुर्गा एक्ट प्रस्तुत किया गया। महिषासुर एक्ट, शिव तांडव किया गया। कार्यक्रम का अगला आकर्षण गरबा एवं डांडिया नृत्य था।

इस अवसर की सबसे विशेष बात रही कि बच्चों के साथ-साथ उनकी माताओं ने भी पारंपरिक परिधानों में डांडिया नृत्य देखने आई । तत्पश्चात बच्चों ने मां काली के रौद्र रूप को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में अधिक संख्या में अभिभावक गण एवं मात्र शक्ति,अतिथि मौजूद रहे ।डांडिया कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को साफा एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।




### गरबा मां शक्ति की आराधना का प्रतीक-नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर



**सीहोर।** गरबा मां शक्ति की आराधना का प्रतीक है, जिसमें गोल घेरा बनाकर नृत्य किया जाता है। यह घेरा जीवन और ऊर्जा के निरंतर चक्र का प्रतीक माना जाता है। वहीं, डांडिया की खटखटाहट वातावरण में जोश भर देती है। पारंपरिक परिधान पहनकर जब हजारों लोग एक साथ झूमते हैं, तो माहौल दिव्य और उल्लासपूर्ण हो जाता है। उक्त विचार नगर के एक निजी गार्डन में तीन दिवसीय जागृति गरबा महोत्सव के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। उन्होंने कहाकि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि गरबा महोत्सव के दौरान अतिथि के रूप में फिल्म अभिनेत्री कनिका तिवारी सहित अन्य कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। जाग्रति गरबा महोत्सव का आयोजन जाग्रति लोधी द्वारा किया गया। इन्होने नगर में विगत 4 वर्षों से गरबा महोत्सव को उच्च एवं प्रशंसनीय स्थान पर पहुंचाया है। इन्होने 31 अगस्त 2025 को भी ग्वालियर में शक्तिमान टीवी शो की गीता विश्वास की एक्टर्स वैष्णवी मैकडॉनल्ड मुख्य अतिथि द्वारा महिला सम्मान का भी आयोजन किया था। जाग्रति लोधी ने बताया कि यह आयोजन विगत वर्षों से गरबा महोत्सव का आयोजन महिलाओं और युवतियों के लिए महाशक्ति की उपासना का स्थान प्राप्त कर चुका है। इस महोत्सव में महिला सम्मान एवं कुटीर उद्योग करने वाली परिश्रमी महिलाओं को भी सम्मान मिलेगा और स्टॉल भी लगाये गए थे।

### सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, शव को बाहर निकलवाया

# नेवज नदी में तैरता मिला युवती का शव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सोमवार दोपहर पचोर शहर में उस समय हड़कंप मच गया जब पदमपुरा रोड स्थित नेवज नदी के स्टॉप डेम पर एक युवती का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पहचान कराई। मृतका 20 वर्षीय युवती जाट समुदाय से बताई जा रही है, जो शनिवार रात से ही लापता थी।

परिजनों का कहना है कि युवती घर से अचानक गायब हो गई थी। उन्होंने अपने स्तर पर खोजबीन भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी दौरान मोबाइल की डिटेल के आधार पर शक की सुई अरशद नामक युवक पर गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवती को प्रेमजाल में फंसाया और उसके साथ रेप करने के बाद उसकी हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों से जुड़े नागरिक और कार्यकर्ता अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। परिजनों का आरोप है कि यह मामला लव जिहाद से जुड़ा है, जिसके चलते पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त हो गया है। हालात को देखते हुए पुलिस ने अस्पताल और घटना स्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। वहीं जिन युवकों पर आरोप लगाए गए हैं, उनकी कॉल डिटेल और लोकेशन की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस दर्दनाक वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। युवती की मौत को लेकर परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं, वहीं स्थानीय लोग भी घटना से आक्रोशित हैं। शहर में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है, लेकिन पुलिस प्रशासन स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है।

# सागर जिले के जैसीनगर का नाम बदलने के विरोध में उतरा दांगी समाज

### ऑल इंडिया दांगी क्षत्रिय संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर प्रवास के दौरान आयोजित सभा में जैसीनगर का नाम परिवर्तित करते हुए जय शिवनगर करने की घोषणा की थी। जैसीनगर का नाम परिवर्तित किए जाने के विरोध में जिले के दांगी समाज ने रोष जाहिर किया है।

इस बारे में ऑल इंडिया दांगी क्षत्रिय संघ के नेतृत्व में समाज के अनेकों पदाधिकारी सोमवार दोपहर मुख्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन एसडीएम निधि भारद्धाज को सौंपा। जैसीनगर का नाम जय शिवनगर न करने के पीछे समाजजनों ने बड़ा कारण भी बताया है। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है यह नगर 16वीं-17वीं शताब्दी में दांगी क्षत्रिय वंश के प्रतापी राजा जयसिंह जूदेव द्वारा बसाया गया था। उन्हीं के नाम पर इस नगर का नाम जैसीनगर पड़ा। इस क्षेत्र में दांगी समाज की बहुलता है और उनके द्वारा नामित अनेक एतिहासिक धरोहरें जैसीनगर में विद्यमान हैं जो समाज के गौरवशाली इतिहास एवं विरासत की साक्षी है। ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि बिना जनसहभागिता, बिना स्थानीय लोगों की राय लिए इस नगर का नाम बदलने की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कर दी गई है। अगर ऐसा हुआ तो यह न केवल राजा जयसिंह जूदेव का अपमान है बल्कि दांगी क्षत्रिय समाज के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाला कदम है।

### *मुख्यमंत्री अपनी घोषणा को वापस लें*

*ऑल इंडिया दांगी क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पुरुषोत्तम दांगी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि मुख्यमंत्री को अपनी यह घोषणा वापस लेनी चाहिए। अगर ऐसा न हुआ तो संपूर्ण दांगी समाज इस निर्णय के विरोध में प्रदेशव्यापी आंदोलन, सीएम हाउस का घेराव सहित संवैधानिक तरीके से आंदोलन प्रदर्शन करने पर मजबूर होगा।*

# शताब्दी वर्ष निमित कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन हुआ



**माचलपुर।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विजयदशमी पर्व पर आयोजित पथ संचलन के निमित्त श्री पीपली वाले बालाजी मंदिर पर पूजन अर्चन करने के बाद ध्वज यात्रा को लेकर संघ के स्वयंसेवक सर्राफा मैरिज गार्डन में पहुंचे, जहां शताब्दी वर्ष निमित्त कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन संपन्न हुआ। जिसमें स्वयंसेवकों व समाज के वरिष्ठ जनो ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विजयादशमी पथ संचलन को सफल बनाने व भव्यता प्रदान करने के लिए स्वयंसेवकों ने अधिक से अधिक संख्या में गणवेशधारी स्वयंसेवकों को कार्यक्रम स्थल पर उपस्थिति हेतु योजना बनाई गई। साथ ही सकल हिंदू समाज किसी न किसी रूप में कार्यक्रम में सहभागी हो ऐसा आग्रह किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**सारंगपुर।** रविवार को शहर के समीप सड़क हादसे में 42 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक जगदीश भिलाला पिता सिद्धूलाल घनसौदा में पुताई का काम कर अपने गांव दिग्वाड़ लौट रहा था। इसी दौरान बिलराम चौकी जोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसा करने वाले वाहन और चालक की पहचान की जा रही है। आसपास लगे कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सारंगपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का भाजपा सरकार पर हमला

# भारत का लोकतंत्र जनता के अधिकारों के लिए है, और उनके लिए ही चलेगा : पटवारी



**सारंगपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को सारंगपुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे जितने भी झूठ बोले और ध्यान भटकाने की साजिश रचे, कांग्रेस अति पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े समाज को उनका पूरा हक दिलाने के लिए संकल्पित है। पटवारी ने कहा, भारत का लोकतंत्र जनता के अधिकारों के लिए है और उनके लिए ही चलेगा। भाजपा और उसके मित्रों की देश से चोरी हम चलने नहीं देंगे।

पटवारी भोपाल से आगर जिले के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी दोपहर करीब 12 बजे आगर नाके पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसी दौरान आयोजित सभा में उन्होंने प्रदेश सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री की भावांतर योजना को किसानों के साथ छल बताया। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में सोयाबीन की फसल ही खराब हो रही है, तो किसानों को इस योजना से क्या लाभ मिलेगा। पटवारी ने सरकार से मांग की कि किसानों को प्रति बीघा 20 हजार रुपए का मुआवजा दिया जाए, तभी वास्तविक राहत मिल पाएगी।

### प्रदेश के किसान लगातार संकट में

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के किसान लगातार संकट में हैं। उन्हें समय पर खाद और बीज नहीं मिल रहा है, जबकि प्राकृतिक आपदाओं ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। प्रदेश सरकार पर उन्होंने किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। पटवारी ने कहा कि देशभर में गुजरात मॉडल के नाम पर दलितों, पिछड़ों और गरीबों के घर तोड़े जा रहे हैं, जबकि बड़े उद्योगपतियों को हजारों एकड़ जमीन नाममात्र कीमत पर दी जा रही है। उन्होंने गांधीनगर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद गरीबों के घर उजाड़ दिए गए। पटवारी ने प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा, बीजेपी को पता है कि वो असली जनादेश से सरकार नहीं बना सकते, इसलिए संस्थाओं पर कब्जा और वोट चोरी कर सत्ता में बने रहते हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी 45 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है, नौकरियां घट रही हैं और भर्ती प्रक्रियाएं ठप पड़ी हैं। देश का युवा मेहनत करता है, लेकिन सरकार अरबपतियों के मुनाफे में व्यस्त है। पटवारी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब देश को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त करना सबसे बड़ी देशभक्ति है। कार्यक्रम के बाद जीतू पटवारी नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, प्रदीप जैन, डॉ. हेमेंद्र सोलंकी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी, पूर्व अध्यक्ष समीर मेव, मुस्ताक अंसारी, शेख मुशर्रफ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगर परिषद में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**जीरापुर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर परिषद में कार्यरत कर्मचारी और जन सेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें पहला सुख निरोगी काया उत्तम स्वास्थ्य ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है इसलिए मनुष्य को सर्वप्रथम अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए( हम स्वस्थ रहें इसके लिए हमारा खान पान संयमित और दिनचर्या नियमित होना चाहिए क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति देश के प्रति अपने कर्तव्य को अच्छे से निभा सकते हैं। नगर परिषद सभा कक्ष में शासकीय अस्पताल के डॉ आजम शेख मोहित जैन बजरंग सिंह मनीष मालवीय एलकार सिंह और टीम द्वारा कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर हेल्थ संबंधी टिप्स दिए गए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा रमेशचंद्र नाथ देवनारायण दांगी रमेश मालवीय ओंकार मंडलोई कमल भावसार भगवान सिंह परिहार राहुल दांगी राम दांगी राकेश मंडलोई और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भारतीय संस्कृति, सभ्यता संस्कारों के तहत डांडिया नाइट व रावण दहन का आयोजन

# एक दिवसीय नवरात्रा पर्व का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



रॉयल हाईट्स हायर सेकंडरी स्कूल में एक दिवसीय नवरात्रा पर्व का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय संस्कृति, सभ्यता संस्कारों के तहत डांडिया नाइट एवं रावण दहन आयोजित हुआ। इस आयोजन से बच्चों को भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों की एक सशक्त झलक के साथ प्रेरणा दायक प्रस्तुतियां दी गई। जहां पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, बैंकिंग संस्थानों, मीडिया प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक शामिल होकर सराहना की।

शुरुआत माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष अनुसूया कुशवाह, पवन कुशवाहा, तहसीलदार आरपी सिंह गौड़, थाना प्रभारी रवि ठाकुर, प्रबंधक जीवन आसवानी एचडीएफसी देवकरण गुर्जर ने की। विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा रॉयल हाईट्स स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों की शिक्षा भी दे रहा है। यही वह आधार है जो बच्चों को पूर्ण व्यक्तित्व देता है और उन्हें समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाता है।

संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों से जोड़ा जाए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह स्टाफ परिवार की भूमिका रही। रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया।ंग-बिरंगी आतिशबाजी और जयकारों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।डांडिया रास, गरबा, संगीत, और नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय लोक परंपरा से जोड़े रखा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# नवरात्र में कहीं कन्या भोज कहीं चुनरी यात्रा तो कहीं गरबा

### आदिशक्ति की आराधना में रमे श्रद्धालु



**राजगढ़।** शारदेय नवरात्र में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व अन्य संस्थाओं द्वारा कईं तरह के धार्मिक आयोजन संपन्न करवाए जा रहे हैं। झांकी समितियों में जहां प्रतिदिन कहीं कन्या भोज तो कहीं भंडारा आयोजित हो रहा है। वहीं मनकामनेश्वर महादेव मंदिर महिला मंडल द्वारा भी प्रतिदिन भजन-कीर्तन, गरबा, चुनरी यात्रा, कन्या भोज जैसे कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं। महिला मंडल की मातृ-शक्तियों ने बताया कि नवरात्र के पूरे नौ दिवसों तक विविध प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम इत्यादि का आयोजन उनके द्वारा किया जा रहा है।

## जगह-जगह सजे मां के दरबार, दुर्गा पंडालों पर उमड़ रही भक्तों की भीड़

**सारंगपुर।** शारदीय नवरात्रि पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा के दरबार सजे हुए हैं। जगह-जगह पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। मां के दरबार में शाम होते ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। नगर के प्रमुख पंडालों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है, जहां माता रानी की आरती, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भक्तों को आस्था और भक्ति से ओतप्रोत कर रहा है। शाम होते ही पंडालों की रौनक और बढ़ जाती है। नगर के गवलीवाडा में काली माता की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं तो भेरू दरवाजा और नेहरू बालोद्यान और बस स्टेंड में मां दुर्गा की प्रतिमाह भी लोगों का मन मोह रही हैं, वही महिलाएं और युवतियां पारंपरिक परिधान में माता की पूजा-अर्चना कर कन्या पूजन में भाग ले रही हैं।

# दशहरे के चल समारोह में नजर आएंगे रामायण के 45 विविध पात्र

### चल समारोह को रोचक बनाने परंपरा में आंशिक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



आगामी विजयादशमी पर गत वर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित नवीन दशहरा ग्राउंड पर रावण दहन होने जा रहा है। इस बार दशहरे का पर्व राजगढ़ नगरवासियों के लिए कुछ अलग एवं खास भी होने जा रहा है। दशहरे के चल समारोह में रामायण के अलग-अलग पात्र जीवंत रूप में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। हिन्दू उत्सव समिति ने बताया कि दशहरे के चल समारोह में 45 दिव्य पात्र सम्मिलित किए जा रहे हैं जिनमें भगवान राम-लक्ष्मण, हनुमान की झांकी सहित शिव-पार्वती, गणेश, महाकाली, भगवान जगन्नाथ का परिवार, ब्रहाजी, रावण-कुंभकरणों के पात्र सहित वानर सेना सहित अन्य शामिल होंगे। यात्रा और भव्य और दर्शकों के लिए रोचक व मनोरंजक बनाने पारंपरिक चल-समारोह की रूपरेखा में यह आंशिक फेरबदल किया जा रहा है।

### एलईडी स्क्रीन पर भी होगा प्रदर्शन

आयोजकों ने बताया कि आमजनों की सुविधा के दृष्टिगत दशहरे के उक्त चल-समारोह का प्रदर्शन विभिन्न स्थानों पर बड़ी एलईडी लगाकर करवाया जाएगा। दशहरा मैदान, बिरसा मुंडा चौराहा, पारायण समिति आदि स्थानों पर यह एलईडी स्क्रीन्स लगवाई जाएंगी।

### पारंपरिक वेशभूषा में साथ चलेंगे राजपूत समाजजन

दशहरे के चल-समारोह के साथ नगर व क्षेत्र के राजपूत समाजजन सामाजिक एवं पारंपरिक वेशभूषा में एकसाथ नजर आएंगे। समाज के सभी लोग एकसाथ चल-समारोह में सम्मिलित हों, इस संबंध में सोमवार दोपहर स्थानीय राजपूत बोर्डिंग में समाजजनों की एक आवश्यक बैठक भी आयोजित की गई।

### साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# टीएल बैठक : डीएसओ को नोटिस, बोड़ा सीएमओ की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार को समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के अद्यतन शिकायतकर्ता को चिन्हित कर जानकारी लोक सेवा प्रबंधक में भेजे।

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में संबल योजना की शिकायत का निराकरण न करने व शिकायत पर उचित जवाब प्रस्तुत न करने पर बोड़ा निकाय सीएमओ की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश कलेक्टर द्वारा प्रदान किए गए। उक्त शिकायत का 7 दिवस में निराकरण करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा प्रदान किए गए। राजस्व रिकार्ड पंजी न मिलने कि शिकायत पर रिकार्ड रूम प्रभारी व तहसीलदार पचोर को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन कि शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें। ई-ऑफिस में सभी विभाग प्रमुख जो फाइलें क्लोज होने लायक है, उन फाइलों को नस्तीबद्ध करते हुए बंद करें। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय (राजस्वा) अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि ई-ऑफिस की लॉगिन प्रतिदिन देखें और पेंडेसी का खात्मा करें। साथ ही कोर्ट में लंबित प्रकरणों का जवाब भी समय पर प्रस्तुत करें।

### प्रधानमंत्री सड़कों के आसपास से अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश

बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत निर्मित सड़कों के आसपास से 15 दिवस में अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी मंडी सचिवों को निर्देशित किया कि मण्डियों में किसानों के लिए भोजन, पानी एवं शौचालय आदि की व्यवस्था की जाए।

खबर संक्षेप

## स्वस्थ दिल के लिए अच्छी आदतों की दी सीख

**आष्टा**। सोमवार को सिविल अस्पताल में विश्व हृदय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में आमजन को हृदय से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई। बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर ने बताया कि रोजाना व्यायाम करना, नमक, शकर और तेल का कम उपयोग करना जरूरी है। इन आदतों से दिल स्वस्थ रहता है और उम्र लंबी होती है।

## समूह की महिलाओं को मिला वित्तीय प्रशिक्षण

**आष्टा**। नगर पालिका सभा कक्ष में स्व-सहायता समूह की महिलाओं और पीएम स्वनिधि योजना के पात्र हितग्राहियों के लिए सामूहिक वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मुख्य अतिथि रहे। बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय साक्षरता काउंसलर और एलडीएम रविशंकर नरवरिया भी मौजूद रहे। मेवाड़ा ने कहा कि स्व-सहायता समूह और पीएम स्वनिधि योजना से मिलने वाली राशि का सही उपयोग करें। इस राशि से व्यापार को आगे बढ़ाएं। अन्यत्र इसका उपयोग न करें।

## मनम आपा ने समाज सेवा को समर्पित किया जीवन

**सीहोर**। वरिष्ठ नागरिक दिवस पर नगर की जानी-मानी शिक्षिका एवं पूर्व हेडमिस्ट्रेस मनम सुलतान, जिन्हें शहर भर में स्नेह से "मनम आपा" कहा जाता है, को विशेष सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद किया गया। आपको बता दें मनम आपा ने 42 वर्षों तक बालिका शिक्षा को जीवन का केंद्र बनाया। उनका मानना था कि "बेटी को शिक्षित करना केवल एक परिवार नहीं, पूरे समाज को आगे बढ़ाना है। इसी आदर्श को आधार बनाकर उन्होंने न सिर्फ कक्षा में पढ़ाया, बल्कि हर छात्रा में आत्मविश्वास, संस्कार और समाज सेवा की भावना भी विकसित की। उनकी देखरेख और मार्गदर्शन में तैयार हुई अनगिनत बालिकाएँ आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रही हैं। कुछ शिक्षिका बनीं, कुछ प्रशासनिक सेवाओं में पहुँचीं और कई ने समाज सेवा को ही अपना जीवन बना लिया। यह सब उनके स्नेह, अनुशासन और दूरदर्शी सोच का परिणाम है। मनम आपा हमेशा समाज सेवा की और अग्रसर रही है उन्होंने हमेशा निःस्वार्थ भाव से सेवा एवं शिक्षा की और कार्य किया है जो काफ़ी सराहनीय है ।

## आंगनबाड़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**शमशाबाद**। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र डंगरबाड़ा (सेक्टर वर्धा) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर पर्यवेक्षक कमला पवार ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें संतुलित आहार, बच्चों के लिए पोषण के लाभ तथा स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी। साथ ही पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी आयोजित की गई।
इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रियंका धाकड, नीतेश धाकड़, सुलेखा मेहर,धन बाई राजपूत सहित मौजूद रहीं।

### जैन परिवार ने गौशाला में गौमाता की पूजन कर कराया गौ भंडारा


# अनूठी गौ सेवाः गौशाला में गौमाताओं को पहले किया 56 भोग का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के वरिष्ठ होटल व्यापारी,होटल व्यापारी संघ के संस्थापक एवं समाजसेवी स्वर्गीय अशोक जैन शीतल की पांचवीं पुण्यतिथि पर रुनवाल परिवार द्वारा मां पार्वती धाम गौशाला में गौ माता के लिए पहली बार 56 भोग का आयोजन कर गौमाता का पूजन किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने इस अवसर पर स्वर्गीय अशोक जैन शीतल के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अशोक जैन के कार्यो,समाजसेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा की गई समाज सेवा को याद किया । इस अवसर पर शीतल परिवार की स्नेहलता रुनवाल, सौरभ जैन, साक्षी रुनवाल ने विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर मीना विनीत सिंगी की उपस्तिथि में सभी ने गौमाता का पूजन कर आरती की एवं गौशाला में सभी गोवंश को 56 प्रकार की सामग्री का भोज करा कर हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर विशाल चौरसिया, मोहित सोनी, लोकेंद्र बनवट, निर्मल रांका,सुशील संचेती विनीत सिंगी,दिनेश सोनी, संजय सिंगी,दिलीप वशिष्ठ,पत्रकार किरण रांका, नरेंद्र कुशवाह, संजय सुराणा, उत्थान धारवा, महेंद्र विश्वकर्मा, कुलदीप बनवट, रजत देशलहरा, अमन सिंघवी, रेखा सिंगी, चित्रा वशिष्ठ, शिवानी सिंगी,सुमित रांका,महिम देशलहरा, अर्जुन सोनी, गोविंद पंवार, राहुल रांका, भारत देशलहरा, जैकी रोघाणी आदि साथियों, मित्रों, व्यापारियों ने स्वर्गीय अशोक रूनवाल शीतल को विनम्र अर्पित की। इस अवसर पर स्वर्गीय अशोक जैन शीतल की स्मृति में शीतल परिवार की ओर से श्रीमति स्नेहलता



रुनवाल के गौशाला को 11 सौ रुपये गौमाताओं की सेवा,चारा पानी की व्यवस्था के लिये भेंट किये। श्रद्धांजलि कार्यक्रम का संचालन लोकेंद्र वनबट ने एवं आभार सौरभ जैन शीतल ने व्यक्त किया।

# आरोपियों को तत्काल खोज कर करें कार्रवाईः विधायक

### माता मंदिर में मछलियां फेंकने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



चल रहे नवरात्रि पर के दौरान कल नगर के कमल तालाब पर स्तिथ प्राचीन खोकर माता मंदिर में किसी अज्ञात असामाजिक तत्व द्वारा मन्दिर में मछलियों को फेंकने की घटना को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने संज्ञान में लेते हुए आज एसडीएम नितिन टाले को घटना की जानकारी लेते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द खोज कर उन पर कठोर से कठोर कार्यवाही करने को कहा । कल घटना के बाद प्रशासन,पुलिस ने जो कार्यवाही की उससे एसडीएम ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को अवगत कराते हुए बताया की आष्टा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि अमन ओर शांति के शहर आष्टा की शांति भंग करने की जो भी कुचेष्ठा करेगा,शहर की शांति के साथ जो भी तत्व खिलवाड़ करने की कोशिश करेगा उसको परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा । मन्दिर में मछलियां फेंकने की घटना को विधायक ने अति गम्भीरता से लिया है एवं पुलिस और प्रशासन को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये है।

## ब्लैकमेल कर 75 हजार ऐंठे, तीन गिरफ्तार

**आष्टा**। शहर के तीन युवकों ने जीशान अनवर नामक युवक को ब्लैकमेल कर 75 हजार रुपए ऐंठ लिए। आरोपियों ने ऑडियो-वीडियो के नाम पर धमकाया। पैसे नहीं देने पर जान से मारने और बदनाम करने की धमकी दी। लगातार परेशान होकर जीशान ने अपने पिता और मामा को बताया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। टीआई गिरीश दुबे ने मामले को गंभीरता से लिया। पुलिस ने जाल बिछाया। जीशान ने आरोपियों को श्मशान घाट के पास एक होटल में रुपए देने के बहाने बुलाया। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को मौके से पकड़ा। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पहले भी 1 मई 2025 को शेख सउद के माध्यम से 25 हजार रुपए लिए थे। कुछ माह बाद फिर 50 हजार की मांग करने लगे। लगातार पैसों की मांग से जीशान परेशान हो गया। आखिरकार उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी बिलाल शेख पिता शेख शरीफ निवासी काजीपुरा, फेजान पिता इरफान निवासी हाथीखाना और रजा पिता मेहफूज निवासी जुम्मापुरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# आज के सुसंस्कारित बच्चे कल के सच्चे जैन श्रावक और श्राविका बनकर हमारे समाज और धर्म को आगे ले जा पाएंगेः नम्रव्रता श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




जैन धर्म में पैदल तीर्थ यात्रा का बहुत महत्व है और जो व्यक्ति अनेक पैदल तीर्थ यात्रियों को साथ लेकर तीर्थ यात्रा करता है, मार्ग के पड़ाव में उनके भोजन, आवास इत्यादि का प्रबंध करता है, उसे संघपति कहा जाता है तथा उसे संघवी की पदवी से अलंकृत किया जाता है। नन्हें बच्चो में भी इस प्रकार की सेवा भावना अभी से ही कोमल मन में संस्कार बनकर उतरनी चाहिये। इन संस्कारो का बीजारोपण नई पीढ़ी में अभी से होगा तभी आज के सुसंस्कारित बच्चे कल के सच्चे जैन श्रावक और श्राविका बनकर समाज और धर्म को आगे ले जा पायेगें। उक्त उद्गार अपने मंगल प्रवचनो के दौरान चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी म.सा. नें श्री मालव गिरनार तीर्थ श्वेताम्बर जैन किला मंदिर के उपाश्रय में व्यक्त किये।समाज के प्रवक्ता अतुल सुराणा नें बताया कि चातुर्मास के दौरान नगर में प.पू. साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी, मग्नव्रता श्रीजी और मीतव्रता श्रीजी म.सा. की स्थिरता है, जिनके परम पावन सानिध्य में सभी समाजजन धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसी तारतम्य में आज नन्हें बालक-बालिकाओं के बालसंघ की पैदल यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें 41 बालक-बालिकायें आकर्षक वेशभूषा में संघपति की भूमिका में प्रातः महावीर स्वामी गंज मंदिर पधारें वहां भगवान के दर्शन-वंदन के पश्चात लाभार्थी सुंदरलाल प्रकाशचंद प्रदीपकुमार वोहरा परिवार द्वारा तिलक लगाकर, मोतियो की माला पहनाकर तथा आकर्षक पगड़ी के साथ सभी संघपति बच्चो का बहुमान किया गया। वहां से सभी नन्हें संघपति बैण्ड-बाजे व उपस्थित अन्य समाजजनो के साथ कन्नौद रोड स्थित जैन दादावाड़ी पहुंचे और भगवान के दर्शन किये तत्पश्चात कन्नौद रोड से गुजरते समय शांतिलाल अशोक कुमार चोपड़ा परिवार द्वारा सभी का स्वागत किया गया और सभी मोक्षधाम स्थित मां पार्वती धाम गोशाला पहुंचे जहां सभी नें हलवा, पूड़ी, केले और हरा चारा गोमाता का पूजन कर उन्हें खिलाकर गोसेवा की वहां संजय सुराणा, विपिन सिंघवी, रीलेश बोथरा आदि की गोसेवक टीम द्वारा सुन्दर व्यवस्था दी गई थी। गोसेवा करने के पश्चात बालसंघ नया बस स्टेण्ड तथा पुराना बस स्टेण्ड होते हुये घाटी चढ़कर किले स्थित जैन श्वेताम्बर मालव गिरनार तीर्थ पर विराजित श्री नेमिनाथ भगवान और शंखेश्वर पार्श्वनाथ भगवान की अलौकिक शरण में सुहावने मौसम में पहुंचा। मंदिर में दर्शन-वंदन करने के पश्चात परम पूज्य साध्वीवर्या का सभी नें शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया और लाभार्थी परिवार सागरमल मनीष कुमार प्रफुल्ल कुमार चौरड़यि तथा सागरमल समरथमल तरूण कुमार चतरमुथा परिवार के करकमलो से एक आकर्षक बैग सभी नन्हें संघपतियों को भेंट करवाया गया। आयोजन के बीच - बीच में लक्की ड्रा भी खोलकर उपस्थित जनो को पुरस्कृत किया गया जिसके लाभार्थी प्रमोद कुमार सुमित कुमार गौरव कुमार कोठारी परिवार रहा। अंत में कुछ बच्चों नें अपने शब्दो के माध्यम से सभा को संबोधित भी किया कई बच्चो की तुतलाती मनमोहक बालसुलभ बोली नें सबका मन मोह लिया। अंत में भोजन प्रसादी के साथ आयोजन सम्पन्न हुआ आयोजन का संचालन प्रदीप धाड़ीवाल एवं पराग धाड़ीवाल द्वारा किया गया। आभार अतुल सुराणा द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष देशचंद वोहरा सहित पारसमल सिंघवी, रवीन्द्र रांका, नगीन सिंगी, निर्मल रांका, लोकेन्द्र बनवट, मनोज ललवानी, विनीत सिंगी, नगीन डूंगरवाल, प्रवीण धाड़ीवाल, प्रताप चतरमुथा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनो एवं महिला मंडल के सदस्यो की उपस्थिति रही।

## गरबा कर की जा रही माता की भक्ति

**सीहोर**। नवरात्रि के अवसर पर कही माता के पंडाल तो कहीं मंदिरों में माता की आराधना हो रही है। वहीं इन दिनों गरबा महोत्सव की भी धूम मची हुई है। वहीं नेहरू कॉलोनी स्टेशन रोड पर स्थित द कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल में भी गरबा महोत्सव का आयोजन किया।



# सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए कराया कन्या भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नवरात्रि पर्व पर पूरे क्षेत्र में गरबा सांस्कृतिक कार्यक्रम हवन और कन्या भोज की धूम है इसी क्रम में रविवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर ने सेवा बस्ती में कन्या भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम आरक्षित वार्ड 8 और 9 में हुआ सैकड़ो बालिकाओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की धर्मेंद्र ठाकुर और उनकी टीम ने भारतीय संस्कृति के रूप में जन्मदिन मना कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया है कन्या भोज धार्मिक महत्व के साथ साथ समाज में सेवा और समरसता की भावना को भी बढ़ाता है।

### अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चल रहा चातुर्मास

# संयम धारण का जीवन-यापन करेंः सानंद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




जो सम्यकदर्शी जीव है वह हमेशा स्वस्थ रहेगा तथा नरक गति त्रिचय गति नपुंसक गति स्त्री गति विकलांग गरीब दरिद्रता अल्पायु आदि में नहीं जाता है। सम्यक दर्शन चार गतियों में हो सकता है। जो जीव नरक गति का बंद करता है उसे नरक गति आयु कहते हैं। स्त्री पर्याय से पुरुषार्थ कर वापस स्त्री पर्याय में नही जाएगी। संयम धारण का जीवन-यापन करें, व्रत वहीं धारण करता है जिसे देव गति का बंध होगा। भगवान महावीर स्वामी की पॉलिसी में इस भव में भी यश और परभाव में भी यश मिलेगा। जबकि शासन व बीमा कंपनियों की पॉलिसी में आपके मरने के बाद परिवार वालों को रुपया मिलेगा।

लोगों ने यथार्थ में धर्म को समझा नहीं। दरिद्रता कर्म वाला दरिद्र व्यक्ति के घर ही जन्म लेगा और अच्छे कर्म करने वाला संपन्न व अच्छा घर में जन्म लेगा। जिसने सम्यकदर्शन प्राप्त कर लिया वह कभी भी गरीब,नापुंसक, स्त्री आदि नहीं होगा। इस पर्याय में आप कुछ कर पाए या नहीं कर पाए लेकिन सम्यकदर्शन अवश्य प्राप्त कर ले, समझों आपका बेड़ा पार और मोक्ष का टिकट पक्का। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने रत्नकरण्डक श्रावकाचार ग्रंथ श्रवण कराते हुए कहीं। आपने कहां कि हमने कई स्थानों पर ऐसी मूर्तियां देखी है जिनके अभिषेक कर - करके लोगों ने मूर्ति की वीतरागता समाप्त कर दी है। अगर व्यक्ति के मन में मान, कषाय समाप्त नहीं हुई है तो कितना ही भगवान का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर लो वह संसार का कारण बनेगा ।आपको अच्छा घर ,धन -संपत्ति अवश्य मिल जाएगी लेकिन मोक्ष का मार्ग प्रशस्त नहीं होगा। वह आत्म शांति नहीं मिलेगी जो एक समयदृष्टि जीव को मिलती है। परिग्रह को आप पाप नहीं समझते हैं,इसे जब तक पाप नहीं समझोगे परिग्रह से नहीं छूट पाओगे।

सम्यकदृष्टि जीव परिग्रह को पाप समझते हैं और मिथ्यादृष्टि जीव परिग्रह को पुण्य समझते हैं। मुनिश्री ने कहा कि जिसके पास जितना अधिक परिग्रह है वह उतना ही अधिक टेंशन और परेशानी में रहता है।जिनका मान, कषाय, अहंकार मिथ्यात्व के कारण समाप्त नहीं हुआ,वह कितना ही अनुष्ठान कर लें यह संसार का कारण ही बनेगा। सम्यकत्व के साथ अनुष्ठान करोंगे तथा परिग्रह को पाप समझोगे तो मोक्ष का कारण बनता है।आप सभी अपनी-अपनी दृष्टि से समझ लो कि आप सम्यकदृष्टि हो कि मिथ्यादृष्टि हो। दसवें तीर्थंकर शीतलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव आज मनाएंगे जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर शीतलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव मंगलवार 30 सितंबर को प्रातः नगर सहित क्षेत्र के सभी दिगंबर जैन जिनालयों में बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाकर भगवान के अभिषेक,शांति धारा कर निर्वाण कांड पाठ बोलकर मोक्ष फल चढ़ाया जाएगा।

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगा प्रोत्साहनः विधायक गोपाल इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सांदीपनि शासकीय उमावि के उभरते खिलाड़ी महेन्द्र वर्मा का विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सम्मान किया और कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की समस्या नही आने दी जाएंगी। वर्तमान में खेलों का बहुत महत्व है। खेलों से न केवल व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहता है, बल्कि खेलों से उसका मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। शासन द्वारा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़यिों के लिए शासकीय सेवाओं में भी विशेष कोटा निर्धारित किया गया है। विधायक ने विशेषकर युवाओं का आव्हान किया कि वो खेलों के क्षेत्र में आगे आएं आष्टा विधानसभा क्षेत्र में खिलाड़यिों को विशेष सुविधाएं प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएंगा। म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में सी.एम. राइज़ स्कूल आष्टा के छात्र महेन्द्र वर्मा ने कांस्य पदक हासिल किया। महेन्द्र शीघ्र ही राज्य स्तरीय ग्रीकोरोमन कुश्ती प्रतियोगिता में भी सहभागिता करेंगे। प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत प्रदेश में प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूंबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना एवं नागरिकों में स्वच्छता सेवा और सामुदायिक उत्तर दायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। महेन्द्र वर्मा को राज्य स्तर पर कांस्य पदक प्राप्त होने पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, प्राचार्य सितवत खान, अकादमिक समन्वयक डी.एस. मांडवा, खेल शिक्षिका सुनंदा वर्मा एवं विद्यालय के शिक्षकों अंत्येश धारवां, असमा खानम, जितेन्द्र मेवाड़े, पदमा परमार, भूपेन्द्र सिंह, पवन कुमार राया, मनोज कर्मोदिया, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, जितेन्द्र धनवाल, एसके सिंगारिया और राजेश राठौर ने बधाई दी।